# सीएम के गृह नगर में राजनीतिक सरगर्मियां तेज

## भाजपा-कांग्रेस ने बढ़ाई चुनावी सक्रियता

### आठ एल्डरमैन और युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष बने, एनएसयूआई अध्यक्ष की भी ताजपोशी, निकाय चुनाव की तैयारियों के संकेत

उज्जैन। नगर निगम चुनाव में लगभग एक वर्ष का समय शेष है और इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम के लिए आठ एल्डरमैन नियुक्त किए। वहीं भारतीय जनता युवा मोर्चा



को नया नगर अध्यक्ष मिला। दूसरी ओर कांग्रेस ने भी एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष की घोषणा कर संगठन को सक्रिय करने की दिशा में कदम बढ़ाया। इन नियुक्तियों को आगामी निकाय और विधानसभा चुनावों की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

नगर निगम में मनोनीत हुए आठों एल्डरमैन लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे हैं। मनोनयन से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। लेकिन यह चर्चा भी है कि उनका कार्यकाल केवल लगभग एक वर्ष का ही रहेगा। ऐसे में उन्हें सीमित समय में नगर निगम की कार्यप्रणाली समझने के साथ-साथ शहर के विकास और सिंहस्थ-2028 से जुड़े कार्यों में भी भूमिका निभानी होगी। संगठन के अनुभवी कार्यकर्ताओं का मानना है कि नए एल्डरमैन जल्द ही नगर निगम की व्यवस्थाओं से परिचित होकर अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

#### सेन बने मोर्चा अध्यक्ष-शुक्ला एनएसयूआई

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष पद पर नितिन सेन की नियुक्ति भी चर्चा का विषय रही। इस पद के लिए कई दावेदार मैदान में थे, बावजूद संगठन ने नितिन सेन पर भरोसा जताया। वहीं निवर्तमान अध्यक्ष हर्षवर्धन कुशवाहा के कार्यकाल को भी सफल माना जा रहा है। संगठनात्मक कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भूमिका के कारण उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने की चर्चाएं हैं। उधर कांग्रेस ने भी हिमांशु शुक्ला को एनएसयूआई का शहर अध्यक्ष नियुक्त किया है। लंबे समय से सोशल मीडिया और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हिमांशु शुक्ला को नई जिम्मेदारी मिलने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखा गया।

#### ये आठ एल्डरमैन

मध्य प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सोमवार को मुकेश मालवीय, अशोक देवड़ा, मनीष खण्डेलवाल अरविन्द उपाध्याय, मुकेश चौधरी, धर्मेन्द्र बरूआ, शैलेन्द्र यादव, मधुकर राव को बनाया एल्डरमैन पद पर नियुक्त कर दिया। इनके मनोनयन पर समर्थक और भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।

# पवन चक्की लगाने को लेकर किया हमला

## बड़नगर के ग्राम अमला में फावड़े और दराते से दिया वारदात को अंजाम

**उज्जैन। खेत में लगे पवन चक्की के खंभों को लेकर हुए विवाद में किसान परिवार पर दो लोगों ने फावड़े और दराते से हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज किया है हमलावरों की तलाश जारी है।**

बड़नगर के ग्राम अमला में रहने वाले भैरुलाल पिता सुखराम निनामा की पत्नी तेजूबाई, बहु रेखा पर पड़ोसी खेत मालिक हरिओम यादव और शंकरलाल यादव ने पवन चक्की के खंभे मेड पर लगाने की बात को लेकर विवाद करते हुए दरांते और फावड़े से हमला कर दिया। तीनों को उपचार के लिए उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया।

भेरूलाल निनामा ने बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है। हमारे खेत में पवन चक्की वाले बिजली के खंभ गाड़कर बम्बो की तांण मेरे तथा शंकरलाल यादव के खेत की मेढ के पास मेरे खेत में ताण लगा रहे थे। मैं तथा मेरी पत्नी तेजू बाई व बहू रेखा बाई तीनों खेत पर काम कर रहे थे।

इस दौरान पड़ोसी शंकरलाल यादव एवं हरीओम यादव दोनों मेरे खेत पर आए और पवन चक्की वालो को खंभे की तांण लगाने से मना किया तो हमने बोला की तांण हमारे खेत में आ रही है। तो इसी बात को लेकर दोनो ने मुझे तथा मेरी पत्नी तेजु बाई एवं बहु रेखा बाई को बोला की साले भीलडे आजकल तुम लोग ज्यादा तेज चल रहे हो और गाली-गलौज करने लगे साथ ही जाति सूचक शब्द बोल कर अपमानित करने लगे हम लोगो ने गाली देने से मना किया तो शंकरलाल यादव ने मेरी बहु रेखा बाई को फावडे की मारी जो उसके पीछे पीठ पर चोट लगी है, तथा हरीओम यादव ने मेरी पनि तेजु बाई को दराते से मारी जो उसके बॉई आंख के पास, बांये हाथ एवं छाती पर चोट लगी है। मैं बीच बचाव करने गया तो शंकरलाल यादव ने मुझे हाथ थप्पडों से मारपीट की। पड़ोसी सत्यनारायण एवं उसकी पत्नी सुन्दर बाई है जिन्होने घटना देखी एवं बीच बचाव किया तो शंकरलाल यादव एवं हरीओम यादव दोनो जाते जाते बोले की आज तो बच गये हो आईन्दा हमारे बेत की मेढ पर तांण लगवाई तो तुम लोगो को जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों हमलावरों की तलाश शुरू की है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## एक नजर में



### उज्जैन इवेंट एसोसिएशन का शुभारंभ

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री की उपस्थिति में सोमवार को उज्जैन इवेंट एसोसिएशन का औपचारिक शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मंत्री तुलसी सिलावट विशेष रूप से मौजूद रहे, साथ ही भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कपिल यार्दे भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इसमें रोहित पांडे को अध्यक्ष और निखिल शुक्ला को संरक्षक का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा डेविड भारती को उपाध्यक्ष, सचिन गेहलोत को सचिव और साहित्य सेंगर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, राशिद अली और ऋषभ जैन को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित पांडे से की गई चर्चा में उन्होंने बताया कि इवेंट एसोसिएशन द्वारा उज्जैन शहर में कई विभिन्न प्रकार के नए प्रकल्प शुरू किए जाएंगे, जिसमें मुख्य रूप से आगामी सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए कई नए कार्य शुरू किए जाएंगे।



### प्रदीप डहेरिया की पुस्तक का विमोचन

**उज्जैन।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता और संचार विश्वविद्यालय भोपाल के जनसंचार विभाग के वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप डहेरिया की लिखी पुस्तक जनमाध्यम युवा और मीडिया साक्षरता का विमोचन विश्वविद्यालय में चल रहे एआई एफडीपी के दौरान किया गया। इस अवसर पर मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रिसर्च क्षेत्र के विशेषज्ञों ने पुस्तक का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में विजय मनोहर तिवारी, आशुतोष कुमार सिंह, मीडिया और बालेंदु शर्मा दाधीच, पी. शशिकला, संजय द्विवेदी, विज्ञापन एवं पवित्र श्रीवास्तव और आरती सारंग उपस्थित थीं। सभी अतिथियों ने पुस्तक के प्रकाशन पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शोध कार्य के लिए बेहद उपयोगी बताया। इस पुस्तक की भूमिका देश के वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक तथा माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी ने लिखी है।




### दिव्यांगों विद्यार्थियों को बांटी खेल सामग्री

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन अवंतिका ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत शहर के शासकीय छात्रावास में दिव्यांग विद्यार्थियों को खेल सामग्री का वितरण किया। इसी अवसर पर समाजसेवी व पूर्व नगरपालिका सभापति प्रकाश चित्तौड़ा और उद्योगपति अशोक बाफना व उनके परिवार ने अपने माता-पिता की स्मृति में 162 पौधे दान किए। पौधारोपण कार्य में लायंस क्लब सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने सहयोग किया। खेल सामग्री का वितरण आरजी पाठक और दिनेश राठौर की उपस्थिति में किया गया। शशांक दुबे, पंकज भटनागर, धर्मेंद्र परिहार, डूंगर सिंह पंवार, रवि श्रीमाली, रविंद्र खियानी और मुकेश बंसल ने विद्यार्थियों को खेल सामग्री प्रदान की। कार्यक्रम में अजय भातखंडे, श्याम माहेश्वरी, शैलेंद्र व्यास, दिनेश विजयवर्गीय, कवि सुरेंद्र सर्किट और महेंद्र ज्ञानी सहित करीब 350 पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे। स्वागत भाषण पुष्पेंद्र चित्तौड़ा ने दिया। संचालन शशांक दुबे ने किया और आभार पूजा चित्तौड़ा ने माना।

### वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक देवड़ा एल्डरमैन बने



उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक देवड़ा को नगर निगम में एल्डरमैन (वरिष्ठ पार्षद) मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। देवड़ा का लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय योगदान रहा है। उन्होंने वर्ष 1983-84 में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में अपनी सार्वजनिक यात्रा की शुरुआत की। इसके बाद जनता विद्यार्थी मोर्चा के संयोजक रहे। भाजपा के वरिष्ठ नेता पं. विश्वनाथ व्यास के जिला अध्यक्ष कार्यकाल में उन्होंने जिला मीडिया प्रमुख की जिम्मेदारी निभाई। साथ ही वे भाजपा दौलतगंज मंडल अध्यक्ष तथा भाजपा उत्सव प्रकोष्ठ के नगर संयोजक भी रहे। वर्ष 2005 के नगर निगम चुनाव में उन्होंने वार्ड क्रमांक 18 से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव भी लड़ा। एल्डरमैन के रूप में मनोनयन पर अशोक देवड़ा ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उज्जैन-आलोट लोकसभा सांसद अनिल फिरोजिया, उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर व्यक्त किया है, उस पर वे पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे तथा नगर के विकास एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे।

# चिंताओं को छोड़ सार्थक चिंतन से जुड़ें...

## अरविंद नगर में प्रवचन में बोले पंन्यास प्रवर ऋषभरत्नविजय

**उज्जैन।** अरविंद नगर स्थित श्री वीरमणि प्रवचन मंडप में इन दिनों चातुर्मास की पावन बेला में धर्म की अमृत वर्षा हो रही है। मालवा विभूषण पूज्य आचार्यदेव विजय वीररत्नसूरीश्वर की कृपा एवं पूज्य आचार्यदेव विजय पद्मभूषणरत्नसूरीश्वर के पावन सान्निध्य में श्रद्धालुओं को नित्य ज्ञान का लाभ मिल रहा है।



प्रतिदिन सुबह 9.15 से 10.15 बजे तक आयोजित प्रवचन सत्र में ऋषभरत्नविजय ने सोमवार को परमात्मा और परमात्मा की बातें ही साधक को प्रिय होती हैं विषय पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। गुरुदेव ने साधकों को व्यर्थ की चिंताओं से दूर रहने का मंत्र देते हुए कहा क्या हुआ और क्या होगा, ऐसी कल्पनाओं में उलझे रहना केवल व्यर्थ चिंता है। सच्चा साधक वही है, जो वर्तमान क्षण में आनंदपूर्वक जीते हुए अपने आत्मकल्याण के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ता है। प्रवचन के उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा भावपूर्ण गुरु भक्ति का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित गुरु भक्त और श्रद्धालु जनों ने पूरी श्रद्धा के साथ धर्मश्रवण का लाभ प्राप्त किया। धर्मसभा में उपस्थित भक्तों के मुख पर गुरुवाणी सुनने के बाद आत्मिक शांति और कल्याण की प्रेरणा स्पष्ट झलक रही थी।

## अर्चना सरमंडल हिंद गौरव सम्मान से अलंकृत

**उज्जैन।** शहर की ज्योतिषाचार्य एवं बगलामुखी साधिका अर्चना सरमंडल को ज्योतिष और प्राच्य विद्या के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए हिंद गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह प्रतिष्ठित अलंकरण उज्जैन में आयोजित 40वें अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष, वास्तु एवं आयुर्वेद महासम्मेलन में प्रदान किया गया। मां शारदा ज्योतिषधाम अनुसंधान संस्थान, इंदौर के तत्वावधान में 19 और 20 जुलाई को इस दो दिवसीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक पं. दिनेश गुरु थे। इस गरिमामय आयोजन में देश-विदेश से लगभग 300 ज्योतिषी, टैरो कार्ड रीडर, वास्तु शास्त्री, तंत्र आचार्य और हस्तरेखा विशेषज्ञ शामिल हुए। उपस्थित सभी विद्वानों ने अपने-अपने विस्तृत शोध और अनुभवों को मंच से साझा किया। इस अवसर पर अर्चना सरमंडल को वैदिक ज्योतिष व वास्तु में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आयोजकों द्वारा प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर हिंद गौरव अवॉर्ड से नवाजा गया।

## मोबाइल हैक कर खाते से निकले 46 हजार




**उज्जैन।** ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले शातिर बदमाशों द्वारा बिना ओटीपी और पासवर्ड पूछे खातों से रुपए रुपए उड़ाए जा रहे हैं। अब सांची पॉइंट चलने वाले युवक के साथ धोखाधड़ी सामने आई है। ढांचा भवन सांदीपनि नगर में रहने वाला वीरेंद्र पिता भगवान सिंह ठाकुर सांची पॉइंट चलता है। रविवार को वह अपनी दुकान पर था इस दौरान उसका मोबाइल हैक हो गया। उसने चालू करने का काफी प्रयास किया लेकिन मोबाइल ऑफ हो चुका था। वाहन क्षेत्र में ही मोबाइल सुधारने वाले के यहां पहुंचा। इस दौरान मोबाइल चालू हुआ लेकिन मैसेज मिला कि खाते से 46,000 निकले हैं। बिना ओटीपी और पासवर्ड पूछे हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत वीरेंद्र ने चिमनगंज थाने पहुंचकर की पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। एक मामला माधव नगर थाना पुलिस ने भी फ्रीगंज में रहने वाले राजेंद्र कुमार पिता विनोद कुमार दुबे के साथ 1 जुलाई को हुई धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। राजेंद्र कुमार दुबे ने उनके साथ हुई 99 हजार से अधिक की ऑनलाइन धोखाधड़ी शिकायत साइबर हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी। राजेंद्र कुमार ने शिकायत में बताया कि उनके पास मोबाइल पर कॉल आया था और बताया गया कि उनकी बहन की नॉमिनी समाप्त हो चुकी है जिसे पुन: रिन्यू करना है। कॉल करने वाले ने जानकारी मांगी और उसके बाद खाते से रुपए निकाल लिए। ऑनलाइन फॉड करने वाले बदमाशों द्वारा आए दिन लोगों को अपने झांसे में फसाकर उनके हाथों से ट्रांजेक्शन किया जा रहा है।

## सूने मकान का ताला तोड़ चुराए आभूषण

उज्जैन। शहर में चोरों की मौजूदगी लगातार सामने आ रही है। इस बार चोरों ने चिमनगंज थाना क्षेत्र की कॉलोनी के सूने मकान पर धावा बोला और लाखों के आभूषण चोरी कर लिये। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। बताया जा रहा है कि कनीपुरा मार्ग श्री कृष्ण विहार कॉलोनी में रहने वाला परिवार रिश्तेदार के यहां गया हुआ था। वापस लौटने पर मकान का ताला टूटा मिला। बदमाशों ने सोने चांदी के आभूषण और नगद रुपयों पर हाथ साफ कर दिया था। चोरी की वारदात होने पर ईश्वर नगर द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। चिमनगंज थाना पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। शहर में पिछले कुछ दिनों से चोरों की मौजूदगी बनी हुई है। कुछ दिन पहले माधव नगर थाना क्षेत्र में दो दुकानों का ताला तोड़कर बदमाश करोड़ के मोबाइल चुरा कर ले गए थे। एक दिन बाद ही बदमाशों ने नानाखेड़ा और नीलगंगा थाना क्षेत्र में घर और होटल के बाहर खड़ी लाखों कीमत की दो कार चोरी कर ली थी, यही नहीं बदमाश दशहरा मैदान क्षेत्र की मार्केटिंग एजेंसी से लाखों की सिगरेट चुरा कर ले गए थे। पुलिस को अब तक बदमाशों का सुराग नहीं मिल पाया है। वर्तमान में पिछले एक माह के दौरान हुई चोरी की वारदात से पहले भी नानाखेड़ा और नील गंगा थाना क्षेत्र चोरी की बड़ी वारदातें हो चुकी है। जिनका अब तक सुराग नहीं मिल पाया है। शहर में बाहर से आकर बदमाश चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

## दूध डेयरियों से नमूने लिए

**उज्जैन।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार बाजार में विक्रय किए जा रहे दूध की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त दूध उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में दूध विक्रेताओं, डेयरियों एवं चिलिंग सेंटरों का नियमित निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण अभियान संचालित किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत दत्त शर्मा ने बताया कि सोमवार को खाद्य विभाग की टीम द्वारा संतोष डेयरी, संतराम सिंधी कॉलोनी उज्जैन, पूजा डेयरी फार्म, व्यास नगर तथा वाहन क्रमांक एमपी-13-जेडएक्स-9612 से दूध केन में दूध परिवहन कर रहे विक्रेता अंसार पटेल से मिश्रित दूध का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। शर्मा ने बताया कि संग्रहित सभी नमूने परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी और सास पर फायर करने वाला पकड़ाया

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। पत्नी और सास पर गोली चलाने वाले दामाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। उससे पिस्टल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।**

झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम गोगाखेड़ी में रहने वाली सीमा खारोल का कुछ साल पहले गुजरात के बलसाड़ स्थित वेस्ट रेलवे यार्ड में रहने वाले धर्मेन्द्र पिता धारासिंह गेहलोद से विवाह हुआ था। शादी के बाद दोनों के बीच पारिवारिक विवाद होने लगा। 4 साल पहले पत्नी सीमा मायके आ गई और पति के खिलाफ तलाक का केस दायर कर दिया। शनिवार को धर्मेंद्र गोगाखेड़ी आया और पत्नी पर साथ चलने का दबाव बनाने लगा। पत्नी ने मना किया तो पिस्टल तान दी।

सीमा से विवाद होता देख मां बसंताबाई बीच-बचाव करने आई तो दामाद धर्मेन्द्र ने उल्टी पिस्टल से सिर पर हमला किया। धर्मेन्द्र को विवाद करता देख दोनों मां-बेटी ने उसे घर में धक्का देकर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। धर्मेन्द्र ने खिड़की में से पत्नी और सास पर 2 फायर किये। दोनों बच गई उन्होंने पुलिस को सूचना देने का प्रयास किया तो धर्मेन्द्र खिड़की से कूदकर भाग निकला। गोली चलाने की खबर मिलने पर पुलिस गोगाखेड़ी पहुंची और धर्मेन्द्र की तलाश शुरू की। उसके खिलाफ जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया गया।

थाना प्रभारी सुरेन्द्र गरवाल ने बताया कि आरोपी की तलाश में एसआई दिग्विजयसिंह आंजना, एएसआई वीपीसिंह परिहार, आरक्षक नारायणसिंह कुशवाह, शुभकरणसिंह भदौरिया, मोहरसिंह, अनारसिंह की टीम गठित की गई। पता चला कि पत्नी और सास पर जानलेवा हमले का प्रयास करने वाला गांव से भागने की फिराक में रावतखेड़ी फंटा (तारोट रोड) के पास खड़ा होकर वाहन का इंतजार कर रहा है। पुलिस की टीम तत्काल घेराबंदी के लिये पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी को रविवार दोपहर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

# शौर्य यात्रा में नारी शक्ति झांझ मंडली ने दिखाया कौशल

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उज्जैन और बैस राजपूत समिति उज्जैन, पंवासा व मंगरोला द्वारा चक्रवर्ती सम्राट हर्षवर्धन सिंह बैस की जयंती के अवसर पर क्षत्रिय पराक्रम शौर्य यात्रा निकाली गई। सामाजिक न्याय परिसर से शुरू हुई इस शौर्य यात्रा में चैतन्य भैरव नारी शक्ति झांझ मंडली ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया और साथ ही एक बालिका ने लाठी चलाने का कौशल दिखाया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समाजसेविका कविता राय, वंदना जैन, रवि राय, अशोक और अनीता ने पूजा और उनकी पूरी टीम का हार पहनाकर सम्मान किया और आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राकेश तिवारी की मित्र मंडली और चैतन्य भैरव तेलीवाड़ा चौराहा भेरू महाराज का मंदिर की ओर से भी टीम का उत्साहवर्धन किया गया। बच्चों और विशेषकर लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चैतन्य भैरव एक्सीलेंट डिफेंस मार्शल आर्ट एकेडमी और नारी शक्ति शारदा बाल भारती द्वारा लाठी, तलवार, कराटे, सेल्फ डिफेंस, ढोल और डमरू का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। यह एकेडमी महेश नगर में संचालित की जाती है। जिस किसी को भी यह कला सीखनी हो, वे संस्था के मोबाइल नंबर 7000453098 पर संपर्क कर सकते हैं।

### इन बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

ओजस की पूजा शर्मा और प्राचार्य जितेन शर्मा ने बताया कि स्कूल के बच्चे सनातन धर्म के कार्यों के साथ-साथ पढ़ाई में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। आयोजन में अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में लक्की, रिद्धिमा, याशिका, श्वेता, मंदाकिनी, किंजल, मानसी, आयुष, हिमानी, भूमि, हर्षिता, अक्षरा, विनय, कृतिका, वनिका और मोक्षिका शामिल रहे। सभी अतिथियों ने इन बच्चों के प्रयासों की सराहना की।

## कार बाइक की टक्कर में वृद्धा की मौत

**उज्जैन।** ग्राम चंदेश्वरी और तपोभूमि के बीच कार ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बहन का पुत्र निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद रात 12.30 बजे मौत हो गई। नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम मुंजा खेड़ी में रहने वाली कृष्णाबाई पति रमेश चंद्र गहलोत 58 वर्ष बहन के पुत्र संजय के साथ बाइक से ग्राम जमालपुरा जा रही थी। ग्राम चंदेश्वरी और तपोभूमि के बीच से गुजरते समय तेज गति से आई कार ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में कृष्णाबाई गंभीर घायल हो गई बहन का पुत्र संजय मामूली रूप से घायल हुआ दोनों को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया जहां कृष्णा बाई को सर में अधिक चोट होने पर गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती किया गया। कुछ घंटे बाद रात 12.30 बजे घायल वृद्ध महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज कर मर्ग कायम किया सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद चालक कर लेकर मौके से भाग निकला था जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

**नशे से दूरी अभियान** जागरूकता रैली नशे से दूरी है जरूरी 2.0 में 1200 विद्यार्थी हुए शामिल-पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के नेतृत्व सराहनीय पहल की प्रशंसा

# नशे के दुष्प्रभावों से संबंधित संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया, लोगों को बताए दुष्परिणाम

**उज्जैन।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पूरे प्रदेश में नशा मुक्ति के लिए नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान चलाया जा रहा है। उज्जैन में सोमवार सुबह जन जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें 1200 से अधिक विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने लिया भाग लिया।

रैली का शुभारंभ पुलिस कंट्रोल रूम परिसर से हुआ, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 1200 से अधिक छात्र-छात्राओं, पुलिस विभाग, नगर निगम तथा अन्य शासकीय विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की प्रतिभागियों ने हाथों में जन-जागरूकता संबंधी तख्तियां, बैनर एवं संदेश-पटिकाएं लेकर नशे से दूरी है जरूरी, स्वस्थ युवा-सशक्त भारत, नशा छोड़ो, भविष्य जोड़ो, नशा मुक्त युवा, सुरक्षित समाज जैसे प्रेरणादायी नारों के माध्यम से आमजन को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।




जन-जागरूकता रैली पुलिस कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर घास मंडी चौराहा, टॉवर चौक, तीन बत्ती चौराहा, ऑफिसर्स कॉलोनी एवं एलआईसी तिराहा होते हुए पुन: पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली के दौरान प्रतिभागियों द्वारा नशे के दुष्प्रभावों से संबंधित संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया तथा मार्ग में उपस्थित नागरिकों से नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं समाज को नशामुक्त बनाने तथा युवाओं को इस बुराई से बचाने का आह्वान किया गया। समापन अवसर पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक शपथ भी दिलाई गई। सभी प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम ने अभियान को और अधिक प्रभावी एवं प्रेरणादायी स्वरूप प्रदान किया।

### कार्यक्रम में इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

इस अवसर पर नगर निगम सभापति कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल, विधायक अनिल कालूहेड़ा, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक उज्जैन सहित जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण, नगर निगम के अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि नशे के विरुद्ध जनजागरूकता एवं सामूहिक सहभागिता ही समाज को इस गंभीर सामाजिक बुराई से मुक्त करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों में सहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया।